RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM
# यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India
FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ



अखबारें अनिवार्य कीं, अच्छा किया जुगाड़।
घटिया सोशल मीडिया, बच्चे रहा बिगाड़।
बच्चे रहा बिगाड़, सुनें विद्यालय-कॉलिज।
अखबारों से इन्हें, मिलेगी सुथरी नॉलिज।
कह साहिल कविराय, ज़िंदगी आप संवारें।
फूहड़ इंटरनेट, कहीं अच्छी अखबारें।

– डॉ. राजेन्द्र साहिल




VOL: 10 | ISSUE 349 | FRIDAY 26-12-2025 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# निगम के नए नियमः अफसर-नेताओं के झांसे में न आएं लोग, 60 फीट से कम सड़क पर कमर्शियल निर्माण गैरकानूनी

लुधियाना/यूटर्न/25 दिसंबर। लुधियाना धीरे-धीरे एक पत्थरों का शहर बनता जा रहा है। शहर में कोई भी व्यक्ति जहां और जब मन करें अपनी कमर्शियल इमारत बना देता है। बेशक लोग मनमर्जी से निगम अफसरों और नेताओं की बातों में आकर कमर्शियल इमारतें तो बना रहे हैं, दरअसल उन्हें निगम के कई अहम नियमों की जानकारी ही नहीं है। जबकि इसका फायदा लीडर, शरारती लोग व अफसर उठाकर जमकर अपनी जेब गर्म कर रहे हैं। नियमों के मुताबिक किसी भी 60 फीट या उससे ऊपर की चौड़ी सड़क ही कमर्शियल है। जहां पर कमर्शियल इमारत बनाना लीगल है। इससे कम चौड़ाई वाली सड़क पर कमर्शियल इमारत बन ही नहीं सकती। वहां पर अगर इललीगल तरीके से आपकी बिल्डिंग कंपाउंड कर भी दी गई, तो भी वह लीगल नहीं होगी।



जिसे पंजाब सरकार जब मन चाहे गिरा सकती है। आज कल नेताओं और लीडरों द्वारा बेशक झांसा देकर अपनी जेब गर्म करने के चक्कर में कही भी आपकी कमर्शियल इमारत बनाकर एक बार इललीगल कंपाउंड करवा देंगे। जिससे मौजूदा समय में तो आपका टाइम टपा दिया जाएगा। मगर कल को जब सरकार एक्शन लेगी तो सबसे पहले इन्हीं गलत इमारतों पर पीला पंजा चलेगा। जिसके चलते कमर्शियल इमारत बनाने से पहले नियमों को जरुर देखकर फॉलो करें।

### अफसर व राजनेता जमकर कर रहे कमाई

*पंजाब सरकार द्वारा कमर्शियल इमारतें बनाने के कई नियम बनाए थे। लेकिन आम जनता को यह कानून पता नहीं थे। जिसके चलते राजनेता और अफसरों ने जमकर इसे भुनाया और इन नियमों को साइड रखकर जमकर कमाई कर*

### यह है नियम

जानकारी के अनुसार साल 2015 से पहले शहर में जमकर कही भी कमर्शियल इमारत बना दी गई। तब वह इमारतें भी बनवाई गई, जो नियमों को साइड करने के बावजूद भी कंपाउंड भी नहीं हो सकती थी। लेकिन फिर सरकार ने 2015 के बाद 80 फीट वाली सड़क को कमर्शियल घोषित कर दिया। यानि कि 80 फीट या उससे ऊपर वाली चौड़ी सड़क पर ही कमर्शियल निर्माण हो सकता है। वहीं पंजाब सरकार ने 2020 के बाद 2022-23 में कानून में बदलाव किया। जिसमें कमर्शियल सड़क 60 फीट कर दी गई। यानि कि 60 फीट तक की सड़क पर कमर्शियल निर्माण हो सकता है।

- **इन कमर्शियल इमारतों पर कभी भी हो सकता एक्शन...**बता दें कि नियमों के मुताबिक 60 फीट वाली सड़क कमर्शियल है। जहां कमर्शियल बिल्डिंग बन सकती है। लेकिन इसके अलावा अगर कोई सड़क 50 फीट, 40 फीट, 30 फीट या उससे कम है, तो वहां पर कभी भी कमर्शियल निर्माण नहीं हो सकता। अगर जनता को अफसर या राजनेता यह दिलासा दे रहे हैं कि बिल्डिंग बनाकर कंपाउंड चार्ज जमा करवा आपको लीगल सर्टीफिकेट मिल जाएगा, तो वह कभी भी नहीं हो सकता। कल को अगर आपकी बिल्डिंग चैलेंज होगी, तो नियमों के तहत उस पर पीला पंजा चलेगा ही चलेगा। बेशक आपने कंपाउंड चार्ज लाखों रुपए ही क्यों न जमा करवाए हो। कल को यह आरटीआई में भी प्रमानित हो जाएगा और कानून के मुताबिक वह गलत करार करके गिरा दी जाएगी।
- **अफसरों व लीडरों के झांसे से बचे लोग...**अगर कोई अफसर या लीडर आपको चैलेंज करता है कि 60 फीट से नीचे वाली सड़क कमर्शियल है तो वह मिसगाइड करके सिर्फ आपका टाइम टपा रहे हैं। कल को जब पंजाब सरकार एक्शन लेगी तो सबसे पहले इन्हीं अवैध इमारतों पर कार्रवाई होगी। तब न तो कोई अफसर आपकी सुनवाई कर पाएगा और न ही लीडर सुनेगें। ऐसे में लोग खुद ही इस बात का ध्यान रखें।



# ईडी के अफसर और भाई पर आय से अधिक संपत्ति का बड़ा खुलासा, सीबीआई ने दर्ज की FIR




चंडीगढ़, यूटर्न, 25 दिसंबर। ईडी के असिस्टेंट डायरेक्टर विशालदीप और उनके भाई विकासदीप की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सीबीआई ने दोनों के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में FIR दर्ज की है। जांच में सामने आया है कि मार्च से दिसंबर 2024 के नौ महीनों में दोनों ने अपनी कुल ज्ञात आय से 231 प्रतिशत अधिक संपत्ति बनाई, जिसमें महंगी गाड़ियां, फ्लैट और निवेश शामिल हैं। सीबीआई ने पाया कि 1 मार्च 2024 को दोनों के पास कुल 9.20 लाख रुपये की संपत्ति थी, जो 31 दिसंबर तक बढ़कर 44.44 लाख रुपये हो गई। इस दौरान उन्हें कुल 40.28 लाख रुपये आय हुई, जबकि खर्च 98.29 लाख रुपये रहा। विकासदीप ने 24.71 लाख रुपये की नई स्कार्पियो खरीदी, 35 लाख का हाउसिंग लोन चुकाया और 7.95 लाख रुपये शेयर मार्केट में लगाए। वहीं, विशालदीप ने 13.18 लाख की फॉक्सवेगन वर्टिस कार खरीदी और 97 लाख रुपये का फ्लैट ओमेक्स, न्यू चंडीगढ़ में लिया।

मामला पिछले साल शुरू हुआ था, जब हिमाचल प्रदेश के छात्रवृत्ति घोटाले के आरोपितों ने विशालदीप पर गिरफ्तारी का डर दिखाकर 2.5 करोड़ रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगाया। शिकायत के बाद सीबीआई ने 25 दिसंबर 2024 को विकासदीप को पकड़ा और विशालदीप को बाद में मुंबई और पंचकूला से गिरफ्तार किया। जांच में यह भी सामने आया कि रिश्वत लेने में सीबीआई के डीएसपी बलबीर शर्मा का भी हाथ था, जिसे गिरफ्तार किया गया। आय से अधिक संपत्ति और रिश्वत मामले ने ईडी के अफसर और उनके परिवार के खिलाफ गंभीर आरोपों को उजागर किया है, और अब सीबीआई संपत्तियों और लेन-देन की विस्तृत जांच कर रही है।

# पीडीएफए ने सीएम को फैट दर में कटौती वापस लेने और डेयरी क्षेत्र संकट समाधान के लिए ज्ञापन भेजा



चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/25 दिसंबर। प्रगतिशील डेयरी किसान संघ (पीडीएफए) ने सीएम भगवंत मान को पत्र लिखकर लाखों दुधारू किसानों की गंभीर चिंताओं और राज्य के डेयरी उद्योग पर मंडरा रहे आर्थिक संकट की ओर ध्यान आकर्षित किया है। अपने ज्ञापन में उन्होंने कहा कि पंजाब अपने मजबूत और प्रगतिशील डेयरी उद्योग के लिए पूरे देश में जाना जाता है। पिछले कुछ वर्षों में, पंजाब के बड़ी संख्या में शिक्षित युवाओं ने विदेश जाने या नौकरी की तलाश करने के बजाय डेयरी फार्मिंग को अपना पेशा बनाया है। इसके परिणामस्वरूप राज्य में बेरोजगारी दर में उल्लेखनीय कमी आई है। युवाओं ने लाखों रुपये के ऋण लेकर आधुनिक डेयरी फार्म स्थापित किए हैं, जिससे पंजाब दूध उत्पादन में अग्रणी बन गया है। हालांकि, हाल के कुछ निर्णयों ने इस उद्योग और इन युवाओं के भविष्य पर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। 21 दिसंबर से दूध की कीमत में 20 रुपये प्रति वसा की हालिया कटौती, डेयरी किसानों के लिए एक घातक निर्णय है। पिछले दो वर्षों से सरकार ने बार-बार दूध की कीमतें बढ़ाने का वादा किया था। दुर्भाग्य से, कीमतें बढ़ाने के बजाय घटा दी गई हैं। पिछले कुछ समय में पशु आहार, फीड डीजल, बिजली और श्रम की लागत में भारी वृद्धि हुई है। जो आर्थिक रुप से घाटा साबित हुई।

# संजीव अरोड़ा की पहल रंग लाई, जालंधर में खेल प्रौद्योगिकी केंद्र स्थापित होगा

## पंजाब के टरटए सेक्टर का निर्यात बढ़ेगा, गुणवत्ता सुधरेगी



चंडीगढ़ / नई दिल्ली / लुधियाना। पंजाब के खेल सामग्री उद्योग के लिए बड़ी राहत और भविष्य की दिशा तय करने वाला फैसला सामने आया है। कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा और केंद्रीय एमएसएमई मंत्री जीतन राम मांझी की 21 जुलाई 2025 को नई दिल्ली में हुई अहम बैठक के बाद अब जालंधर में खेल सामग्री उद्योग के लिए टेक्नोलॉजी एक्सटेंशन सेंटर (TEC) को केंद्र सरकार ने औपचारिक मंजूरी दे दी है।

एमएसएमई मंत्रालय ने 18 दिसंबर 2025 को जारी पत्र में जालंधर स्थित सरकारी चमड़ा एवं फुटवियर प्रौद्योगिकी संस्थान (GILFT) परिसर में TEC की स्थापना के लिए MoU और लीज डीड पर हस्ताक्षर की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं। यह केंद्र हब-एंड-स्पोक मॉडल के तहत PPDC, मेरठ के तकनीकी मार्गदर्शन में संचालित होगा। MoU पर 5 जनवरी 2026 को हस्ताक्षर प्रस्तावित हैं।

करीब 11,166 वर्ग फुट क्षेत्र में स्थापित होने वाला यह केंद्र उत्पाद व प्रक्रिया विकास, परीक्षण सुविधाएं, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, कौशल विकास और उद्योगों को हैंडहोल्डिंग सपोर्ट देगा। इससे जालंधर का खेल सामग्री उद्योग वैश्विक गुणवत्ता मानकों के अनुरूप बनकर निर्यात और प्रतिस्पर्धा में नई उड़ान भरेगा।

कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने इसे 'पंजाब के खेल उद्योग के लिए गेम-चेंजर' बताते हुए केंद्र सरकार का आभार जताया और शीघ्र संचालन के लिए राज्य सरकार की पूर्ण प्रतिबद्धता दोहराई।

# क्रिसमस और नववर्ष से पहले जीरकपुर में पुलिस का फ्लैग मार्च, लोगों को दिया सुरक्षा का भरोसा



जीरकपुर, यूटर्न, 25 दिसंबर। क्रिसमस और नए साल के त्योहारों को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जीरकपुर पुलिस की ओर से बुधवार को शहर के संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला गया। यह फ्लैग मार्च वीआईपी रोड और ढकोली क्षेत्र में आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी देखने को मिली। फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना, असामाजिक तत्वों पर सख्त नजर रखना और आम लोगों में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना रहा। फ्लैग मार्च के दौरान एएसपी गजलप्रीत कौर स्वयं मौके पर मौजूद रहीं और उन्होंने पुलिस अधिकारियों व जवानों के साथ पूरे क्षेत्र का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मार्केट एसोसिएशन, दुकानदारों और स्थानीय व्यापारियों से मुलाकात कर उनसे सीधा संवाद किया। एएसपी ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि त्योहारों के दौरान पुलिस पूरी तरह सतर्क है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि पुलिस आम जनता और व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। एएसपी गजलप्रीत कौर ने व्यापारियों और स्थानीय लोगों से अपील की कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की गैर-कानूनी गतिविधि, संदिग्ध व्यक्ति, झगड़े, नशाखोरी या हुड़दंग की सूचना मिले तो वे तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि त्योहारों के समय भीड़ अधिक होती है और ऐसे में शरारती तत्व माहौल खराब करने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन पुलिस ऐसी किसी भी कोशिश को सफल नहीं होने देगी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि क्रिसमस और नववर्ष के मद्देनजर जीरकपुर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। गश्त बढ़ा दी गई है, संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और किसी भी तरह की शरारत, अवैध गतिविधि या कानून व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल कार्रवाई करना नहीं, बल्कि लोगों को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना है।

# फेज-3बी मार्केट में अतिक्रमण को लेकर उबाल, दुकानदारों ने किया पूर्ण बाजार बंद

## रेहड़ी-फड़ी के कब्जे पर उबाल: फेज-3बी के व्यापारियों का बड़ा विरोध




मोहाली, यूटर्न, 25 दिसंबर। मोहाली के फेज-3बी मार्केट में अवैध रेहड़ी-फड़ी के बढ़ते अतिक्रमण के खिलाफ गुरुवार को दुकानदारों का गुस्सा फूट पड़ा। हालात यहां तक पहुंच गए कि विरोध स्वरूप पूरी मार्केट दिनभर बंद रही और व्यापारी सड़कों पर उतर आए। दुकानदारों का आरोप है कि शाम होते ही रेहड़ी-फड़ी वाले पूरी मार्केट पर कब्जा जमा लेते हैं, जिससे ग्राहकों की आवाजाही बाधित होती है और देर रात तक अव्यवस्था व झगड़ों की स्थिति बनी रहती है।

व्यापारियों का कहना है कि कुछ लोग निजी लाभ के लिए अपनी दुकानों के आगे रेहड़ी-फड़ी लगने देते हैं, जिससे नियमित दुकानदारों का कारोबार चौपट हो रहा है। किराये पर दुकानें चलाने वाले व्यापारियों ने बताया कि उन्होंने कई बार नगर निगम और पुलिस को शिकायत दी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसी नाराजगी में व्यापारियों ने दुकानें बंद कर डीसी को चाबियां सौंपने तक की चेतावनी दे दी। मार्केट बंद होने की सूचना मिलते ही नगर निगम हरकत में आया। मौके पर असिस्टेंट कमिश्नर मनदीप सिंह और व्यापार मंडल प्रतिनिधि विनीत वर्मा पहुंचे। उन्होंने दुकानदारों को आश्वासन दिया कि अवैध रेहड़ी-फड़ी के खिलाफ सख्त और निरंतर कार्रवाई की जाएगी, जिसके बाद बाजार दोबारा खुला। मनदीप सिंह ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के लिए दो विशेष टीमें तैनात की गई हैं और शाम से ही फेज-3बी क्षेत्र में अवैध वेंडिंग पर कार्रवाई शुरू की जाएगी। व्यापारियों ने स्पष्ट किया कि यदि आश्वासन पर अमल नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

# ग्लाडा का सख्त एक्शन: गांव थरीके में पांच अवैध इमारतें सील

लुधियाना, यूटर्न 25 दिसंबर। आवास एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां तथा ग्लाडा के मुख्य प्रशासक संदीप कुमार के निदेर्शों पर ग्लाडा की रेगुलेटरी विंग ने गांव थरीके में स्थित पांच अवैध इमारतों को सील कर दिया। यह कार्रवाई उन डेवलपर्स के खिलाफ की गई, जिन्होंने नोटिस जारी होने के बावजूद गैरकानूनी निर्माण कार्य नहीं रोका।

ग्लाडा की विशेष टीम ने यह सीलिंग अभियान चलाया, जो बिना किसी विरोध के सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। साथ ही ग्लाडा ने संबंधित









डेवलपर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की सिफारिश भी की है।

ग्लाडा के प्रवक्ता ने बताया कि अवैध कॉलोनियों और अनियोजित विकास के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है। आम लोगों को सस्ते प्लॉट का झांसा देकर ठगने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

मुख्य प्रशासक संदीप कुमार ने नागरिकों से अपील की कि वे अनधिकृत कॉलोनियों में संपत्ति न खरीदें, क्योंकि ऐसी जगहों पर पानी, सीवरेज व बिजली जैसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि स्वीकृत कॉलोनियों की सूची ग्लाडा की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## पद्मश्री ओंकार सिंह पाहवा ने यूएसपीएमए का 2026 का कैलेंडर व डायरेक्टरी जारी की



लुधियाना, यूटर्न, 25 दिसंबर। यूनाइटेड साइकिल एंड पार्ट्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (यूएसपीएमए) का वर्ष 2026 का कैलेंडर और डायरेक्टरी एवन साइकिल के सीएमडी पद्मश्री ओंकार सिंह पाहवा ने जारी की। स्थानीय गिल रोड स्थित एसोसिएशन के मुख्य कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन जतिंदर मित्तल और प्रधान हरसिमरनजीत सिंह लक्की ने की। इस अवसर पर पद्मश्री ओंकार सिंह पाहवा ने कहा कि कैलेंडर केवल तारीखों का संग्रह नहीं, बल्कि एसोसिएशन की पहचान और एकता का प्रतीक है, जबकि डायरेक्टरी सभी सदस्यों को एक बड़े परिवार के रूप में जोड़ती है। चेयरमैन जतिंदर मित्तल ने नए वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए एसोसिएशन की प्रगति के लिए मिलजुलकर कार्य करने का आह्वान किया। प्रधान हरसिमरनजीत सिंह लक्की ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का धन्यवाद करते हुए नए वर्ष की योजनाओं की जानकारी दी।

## कर भला हो भला सोसाइटी ने विशाल शर्मा को किया अध्यक्ष नियुक्त

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/25 दिसंबर। जगरांव के सामाजिक सेवा संगठन कर भला हो भला सोसाइटी की नई टीम का गठन किया गया, जिसमें रोहित अरोरा को सर्वसम्मति से चेयरमैन, विशाल शर्मा को अध्यक्ष, सुनील बजाज को संरक्षक, मदन लाल अरोरा को उपाध्यक्ष, नीरज मित्तल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राहुल को उपाध्यक्ष, कंवल कक्कड़ को सचिव और नीरज कटारिया को कैशियर नियुक्त किया गया। टीम के गठन के बाद अध्यक्ष विशाल ने कहा कि कर भला हो भला सोसाइटी पिछले कई वर्षो से सामाजिक सेवा कार्य कर रही है और सामाजिक सेवा में अग्रणी रहते हुए इसी तरह सेवा करती रहेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में संस्था सेवा को समर्पित बड़े प्रोजेक्ट लगाएगी।



## बलात्कार के आरोपी को मामला दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया



सुनील पांडेय

लुधियाना/यूटर्न/25 दिसंबर। कमिश्नरेट पुलिस लुधियाना ने स्वपन शर्मा के दिशानिदेर्शों के तहत मामला दर्ज करने के 24 घंटे के भीतर बलात्कार के आरोपी को चौकी बसंत एवेन्यू पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। चौकी बसंत एवेन्यू के इंचार्ज एएसआई धरमिंदर सिंह ने बताया कि पीड़िता ने शादी के बहाने जबरन यौन संबंध बनाने के लिए एक शिकायत दी थी। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी सुआ रोड के जसप्रीत सिंह गोरा के खिलाफ मामला दर्ज किया था। मामला दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों को अदालत में पेश किया जाएगा और पुलिस रिमांड हासिल कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## आए दिन सामने आ रहे हैं वाहन चोरी के मामले

लुधियाना/यूटर्न/25 दिसंबर। वाहन चोर गिरोह लगातार वारदातों को बिना किसी डर के अंजाम दे रहा है। रोजाना किसी ना किसी इलाके से ऐसी सीसीटीवी वीडियो सामने आती हैं। जहां चोर 2 मिनट में वाहन चोरी करके ले जाते है। ऐसा ही एक मामला लुधियाना के थाना हैबोवाल में से सामने आया जहां रेहड़ी पर सामान खरीद रही महिला की एक्टिवा एक चोर आंख झपकते ही भगा ले गया। जानकारी देते हैबोवाल निवासी पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि वह कैटरिंग का काम करता है।




रविवार उसकी पत्नी पायल खरीदारी के लिए बाजार गई थी तो बच्चों ने अपनी मां को फोन करके सामान खरीदने को कहा। जब संतोष धर्मशाला के पास उसकी की पत्नी ने एक अंडे की रेहड़ी पर एक्टिवा रोकी और सामान लेने लगी तो पीछे से एक व्यक्ति आया और एक्टिवा तेजी से भगा ले गया। सारी घटना दुकान के पास लगे सी.सी.टी.वी. कैमरे में कैद हुई है। सीसीटीवी वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है एक काली और नीले रंग की जैकट पहना व्यक्ति आता है और एक्टिवा को चलाकर तेजी से भगाकर ले जाता है। पीड़ित ने बताया कि उसने पिछले साल ही एकटिवा खरीदी थी। पीड़ित ने बताया कि उसने थाना हैबोवाल में शिकायत दर्ज करवाई थी। थाना हैबोवाल के पुलिस कर्मी गगन ने बताया कि पुलिस के पास इस मामले की शिकायत आ चूकी पुलिस ने सी.सी.टी.वी. भी खंगाले हैं आरोपी जस्सीयां रोड की तरफ भागा। जल्दी ही पीड़ित के बयानों पर मामला दर्ज किया जायेगा।

## शकी हालातों में एक बुजुर्ग व्यक्ति की मिली लाश

सुनील पांडेय

लुधियाना/यूटर्न/25 दिसंबर। ताजपुर चौक पर उस वक्त भगदड़ मच गए जब वहां फूटपाथ पर एक बुजुर्ग व्यक्ति की लावारिश लाश मिली, हलाकि आसपास के लोगों द्वारा तुरंत पुलिस को सूचित किया गया। कुछ देर बाद पुलिस के आने के बाद पुलिस ने शव को लावारिश घोषित किया और कहा की अभी कुछ दिन पहले बढ़ते ठण्ड को देख कर फुटपाथ पर सोने वाले सभी बुजुर्गो को शेल्टर भेजा गया था। पर वहां से ये सभी लोग वापस आ गए। आसपास के लोगों का कहना है की यहाँ बने फुटपाथ पर रोजाना करीबन 30 लोग रोज रात को सोते है। पुलिस द्वारा कई बार हटवाने के बावजूद भी वो लोग नहीं हटते है। हालांकि पुलिस द्वारा शव को सिविल हॉस्पिटल भेज दिया गया है। फुटपाथ पर लेटे एक व्यक्ति ने बताया की यह व्यक्ति दिहाड़ी करने वाला व्यक्ति है और यह रोज दिहाड़ी करता था। व्यक्ति का कहना है की यह मृतक व्यक्ति मायापुरी का रहने वाला था। हालांकि अभी पुलिस की तरफ से कोई भी पुष्टि नहीं की है।



## 8 चोरी के मोबाइल और 3 मोटरसाइकिल समेत तीन चोर गिरफ्तार



लुधियाना/यूटर्न/25 दिसंबर। कमिश्नरेट पुलिस लुधियाना की एक बड़ी कार्रवाई में 8 चोरी के मोबाइल फोन, 3 मोटरसाइकिल और 3 आरोपी एक लोहे की रॉड के साथ गिरफ्तार किए गए हैं। इस बारे में जानकारी देते हुए थाना सलेम टाबरी के इंस्पेक्टर हर्षवीर सिंह ने बताया कि कादियां कट पर नाकाबंदी की हुई थी। सूचना के आधार पर मानव कुमार, मनप्रीत सिंह और कृष्ण कुमार लुधियाना के रहने वाले हैं, जो चोरी और डकैती करने के आदी हैं। जिस पर सहायक थानेदार जिंदर लाल ने अपने साथी कर्मचारियों की मदद से उक्त व्यक्तियों को नाके पर रोककर उनकी तलाशी ली तो इन तीनों आरोपियों से 8 मोबाइल फोन, 3 बिना नंबर के मोटरसाइकिल और एक लोहे की रॉड बरामद हुई।

## घर से स्कूल के लिए निकला नाबालिग युवक लापता, सिफारिशों पर चार दिन बाद हुआ मामला दर्ज

लुधियाना/यूटर्न/25 दिसंबर। लुधियाना के थाना डिवीजन नंबर तीन एरिया में स्कूल गया 15 साल का नाबालिग युवक अचानक लापता हो गया। इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों में वह अपने दोस्त के साथ घूमता हुआ नजर भी आया। लेकिन वह घर नहीं पहुंचा। परिवार वालों का आरोप है कि वह तीन दिन तक थाने के चक्कर लगाते रहे। लेकिन पुलिस ने सुनवाई नहीं की। सिफारिश पर चार दिन बाद थाना डिवीजन नंबर तीन की पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस अब मामले की जांच कर रही है। जानकारी देते हुए लापता छात्र साहिल के पिता प्रदीप ने कहा कि उसके तीन बच्चे है। साहिल दूसरे नंबर वाला है। साहिल की आयु 15 साल है। वह हनुमान मंदिर हरगोबिंद नगर किराए के मकान में रहता है। उसका बेटा 20 दिसंबर को घर से एम.डी भट्ट स्कूल पढ़ने गया था। पिता प्रदीप बोला कि साहिल ने स्कूल जाने से पहले घर से 2 हजार रुपए भी चुराए थे। स्कूल से जब शिक्षक संतोष का फोन आया और उन्होंने बताया कि उनके बेटे के पास पैसे है। प्रदीप के मुताबिक शिक्षक ने मुझे स्कूल बुलाया और बेटे से कहा कि वह माफी मांगे। प्रदीप मुताबिक वह काम पर वापस लौट आया। इसके बाद ट्यूशन समाप्त करके बेटा अकेला ही कही चला गया। बिल्ला डेयरी के कैमरों में वह नजर आया लेकिन उसके बाद उसका कही कुछ पता नहीं चला।






# पंजाब में नशे में ड्राइविंग पर कड़ी मार, रिकॉर्ड चालान से घटे हादसे

मोहाली, यूटर्न, 25 दिसंबर। पंजाब में शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ पुलिस की सख्ती ने सड़क सुरक्षा की तस्वीर बदलनी शुरू कर दी है। डीजीपी गौरव यादव के अनुसार, मौजूदा वर्ष में नशे की हालत में ड्राइविंग करने वालों के खिलाफ काटे गए चालानों में करीब 430 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जो इस बात का संकेत है कि कानून अब केवल चेतावनी नहीं, बल्कि सख्त कार्रवाई के रूप में लागू हो रहा है।



पुलिस के इस अभियान का असर सड़क हादसों के आंकड़ों में भी दिखाई देने लगा है। सड़क सुरक्षा फोर्स के गठन के बाद राज्य में दुर्घटनाओं और मौतों में कमी दर्ज की गई है। वर्ष 2023 में जहां सड़क हादसों में 4,829 लोगों की जान गई थी, वहीं 2024 में यह संख्या घटकर 4,759 रह गई, जबकि कुल दुर्घटनाएं भी 6,269 से कम होकर 6,063 हो गईं। नशे में ड्राइविंग को हादसों की बड़ी वजह मानते हुए पंजाब पुलिस ने तकनीक आधारित निगरानी को तेज किया है। वर्ष 2025 में एसएएस नगर में 22.21 करोड़ रुपये की लागत से सिटी सर्विलांस और ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया गया है, जिससे ब्रेथ एनालाइजर, ऑटोमेटेड कैमरों और डिजिटल चालान व्यवस्था के जरिए ट्रैफिक उल्लंघनों पर चौबीसों घंटे नजर रखी जा रही है। पुलिस नए आपराधिक कानूनों और डिजिटल पुलिसिंग के क्षेत्र में भी आगे बढ़ रही है। न्याय सेतु एप के जरिए मामलों की निगरानी आसान हुई है, सीसीटीएनएस से अपराधियों पर नजर रखी जा रही है और हजारों पुलिसकर्मियों को नए कानूनों व तकनीक का प्रशिक्षण दिया गया है।

इसके साथ ही पुलिस कर्मियों के कल्याण पर किए गए निवेश से बल का मनोबल भी बढ़ा है। राज्य सरकार और पुलिस ने साफ कर दिया है कि शराब पीकर वाहन चलाना अब केवल ट्रैफिक उल्लंघन नहीं, बल्कि गंभीर अपराध है। लगातार सख्त कार्रवाई और तकनीकी निगरानी के चलते पंजाब की सड़कों को पहले से ज्यादा सुरक्षित बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

## मोहाली कोर्ट में कर्नल पुष्पिंदर मारपीट केस में चार्जशीट फाइल, इंस्पेक्टर रॉनी मुख्य आरोपी



मोहाली/यूटर्न/25 दिसंबर। सीबीआई ने कर्नल पुष्पिंदर बाठ से मारपीट के मामले में मोहाली की कोर्ट में पंजाब पुलिस के चार अधिकारियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। चार पुलिसकर्मियों पर गंभीर चोट पहुंचाने (गंभीर मारपीट) और गलत तरीके से रोकने (गलत नजरबंदी) सहित अन्य धाराएं लगाई हैं। चार्जशीट के मुताबिक इंस्पेक्टर रॉनी सिंह इस मामले में मुख्य आरोपी हैं। हालांकि, चार्जशीट में हत्या के प्रयास की धारा शामिल नहीं की गई है।

### सीबीआई ने इन धाराओं के तहत दर्ज किया केस

कर्नल पुष्पिंदर बाठ से मारपीट के मामले में सीबीआई ने इंस्पेक्टर हैरी बोपारई, रॉनी सिंह और हरजिंदर ढिल्लों समेत चार पुलिस इंस्पेक्टरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 109 (हत्या का प्रयास), 310, 155(2) और 117(2) (स्वेच्छा से चोट पहुंचाने से जुड़ी धाराएं), 126(2) (गलत तरीके से रोकना) और 351(2) (आपराधिक धमकी) लगाई गई थीं। बाद में जांच के दौरान एक अन्य इंस्पेक्टर का नाम भी सामने आया, जिसे बीएनएस की धारा 299 और 191 के तहत नामजद किया गया।

## जीरकपुर में होटल कर्मचारी पर जानलेवा हमला, तलवार व डंडों से लैस आरोपियों ने मचाया आतंक

जीरकपुर, यूटर्न, 25 दिसंबर। शहर के पटियाला चौक स्थित होटल जी प्लाजा के बाहर दिनदहाड़े जानलेवा हमले की सनसनीखेज घटना सामने आई है। हथियारों से लैस होकर पहुंचे आरोपियों ने होटल कर्मचारियों पर हमला कर इलाके में दहशत फैला दी। पीड़ित की शिकायत पर जीरकपुर थाना पुलिस ने नामजद आरोपियों सहित 6-7 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित धर्मेंद्र कुमार (21), जो होटल जी प्लाजा में कार्यरत है, ने पुलिस को बताया कि 21 दिसंबर की शाम करीब 8 बजे वह होटल के बाहर सड़क पार कर रहा था, तभी गुरप्रीत सिंह और उसका भाई वहां पहुंचे और उसे घेर लिया। आरोप है कि गुरप्रीत सिंह ने उसका गला पकड़ लिया, जबकि उसके भाई ने थप्पड़ मारे और जान से मारने की धमकी दी। किसी तरह बचकर धर्मेंद्र होटल पहुंचा और घटना की जानकारी होटल मालिक को दी।

कुछ देर बाद गुरप्रीत सिंह, विक्की, मनोज और 6-7 अज्ञात युवक दोबारा होटल पहुंचे। सभी के हाथों में तलवारें और डंडे थे। आरोपियों को देखकर धर्मेंद्र ऊपरी मंजिल पर भाग गया, जबकि उन्होंने होटल कर्मचारी संदीप गिरी पर हमला कर उसे घायल कर दिया। शोर मचने पर आरोपी फरार हो गए।

पुलिस ने बीएनएस की धाराओं 115(2), 126(2), 351(3), 190 और 191(3) के तहत केस दर्ज किया है। जांच एएसआई लाभ सिंह कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश तेज कर दी गई है। घटना के बाद इलाके में भय का माहौल बना हुआ है।

# जनवरी के अंत में चुनाव पर सियासी बहस, पूरा कार्यकाल संकट में

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 25 दिसंबर। चंडीगढ़ नगर निगम में मेयर चुनाव की तारीख को लेकर राजनीतिक माहौल एक बार फिर गर्मा गया है। आम आदमी पार्टी की दो महिला पार्षदों के भाजपा में शामिल होने के बाद यह विवाद और बढ़ गया। जिला प्रशासन जनवरी के अंतिम सप्ताह में चुनाव कराने की तैयारी कर रहा है, जबकि भाजपा और कांग्रेस दोनों का जोर एक जनवरी को चुनाव कराने पर है। उनका तर्क है कि देरी से कराए गए चुनाव में निर्वाचित मेयर को पूरा कार्यकाल नहीं मिल पाता, जिससे शहर के विकास कार्य प्रभावित होते हैं। कांग्रेस नेता और पूर्व उप महापौर सतीश कैंथ ने भाजपा पर दोहरे रवैये का आरोप लगाया और कहा कि नगर निगम अधिनियम के अनुसार मेयर का चुनाव जनवरी में होना अनिवार्य है। उन्होंने चेतावनी दी कि कानून और संवैधानिक भावना को राजनीतिक लाभ के लिए मोड़ना लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। भाजपा के पूर्व पार्षद शक्ति प्रकाश देवशाली ने भी यूटी प्रशासक को पत्र भेजकर हर साल मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव एक जनवरी को कराने की मांग की है। अब प्रशासन के फैसले पर सबकी नजरें टिकी हैं कि वह परंपरा और राजनीतिक दबाव के बीच क्या रास्ता अपनाता है।




# चंडीगढ़ में आधी रात चला बुलडोजरः शहर के मुख्य बाजारों में निगम की कार्रवाई, दुकानदारों में मचा हड़कंप

चंडीगढ़, यूटर्न, 25 दिसंबर। सिटी ब्यूटीफुल चंडीगढ़ में बुधवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया जब प्रशासन अमला जेसीबी और पुलिस बल के साथ शहर के मुख्य बाजारों में आ पहुंचा। चंडीगढ़ के सेक्टर-15 की मार्केट, सेक्टर-19 सदर बाजार, सेक्टर-22 शास्त्री मार्केट और सेक्टर-41 की कृष्णा मार्केट में आधी रात बुलडोजर एक्शन हुआ है। इन मार्केट्स में वेंडरों ने जो अवैध कब्जे किए थे उनपर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए इन्हें जेसीबी मशीन की मदद से हटाया है। इस कार्रवाई से इन मार्केट्स में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।



सेक्टर-22 शास्त्री मार्केट में जेसीबी चलाकर अवैध निर्माण हटाए गए। लोहे के पाइपों से और प्लास्टिक डालकर जो अस्थायी (दुकानें) निर्माण किए गए थे उन्हें देर रात हटाया गया है। दुकानदार यहां पर अवैध तरीके से दुकान चला रहे थे, इन सबको नगर निगम रातों रात हटाने की कार्रवाई की है। इस कार्रवाई के दौरान मौके पर करीब 100 से ज्यादा वेंडर मौजूद रहे, जो निगम की कार्रवाई का गलत बता रहे थे। हालांकि पुलिस बल साथ में होने की वजह से कोई बड़ा विरोध नहीं हो पाया। सेक्टर-41 में वेंडरों का सामान भी जब्त किया गया है।

बुलडोजर की इस कार्रवाई के दौरान ही वेंडरों ने आनन- फानन में अपना सामान हटाया। नगर निगम की तरफ से जैसे ही जेसीबी चलाना शुरू किया गया, कई वेंडर जो यहां दुकान चलाते हैं वे अपना सामान खुद उतरने लगे। मौके पर मौजूद नगर निगम के कर्मचारियों का कहना है कि वेंडिंग जोन में नियम अनुसार कर्मचारी सुबह 6:00 बजे से रात 10:00 बजे तक सिर्फ अपना सामान रखकर बेच सकता है। किसी भी तरह का निर्माण चाहे वह अस्थायी हो या अस्थायी हो, नहीं किया जा सकता है। पूरी शास्त्री मार्केट में अस्थायी निर्माण किया गया था। इस वजह से इसको तोड़ा जा रहा है।

ऐसी ही कार्रवाई अन्य मार्केट्स में भी की गई है। दुकानदारों व वेंडरों को आधी रात इस कार्रवाई का जैसे पता चला तो वे अपना सामान हटाने के लिए मौके पर पहुंचे। भारी पुलिस बल और प्रशासन के अधिकारी इस कार्रवाई के दौरान मौजूद रहे।

यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India

# चंडीगढ़ में एक रुपये के स्टोर पर उमड़ी भीड़, मेयर भी खरीदारी करने पहुंचीं

चंडीगढ़, यूटर्न, 25 दिसंबर। नगर निगम ने सेक्टर 38 सी स्थित रानी लक्ष्मी भाई महिला भवन में एक रुपये का स्टोर खोला, जिसने स्थानीय लोगों में भारी उत्साह और भीड़ पैदा कर दी। इस स्टोर में टीवी, फ्रिज, ऑक्सीजन इंसुलेटर, किताबें, कपड़े, जूते, चप्पल और बर्तन जैसी वस्तुएं मात्र एक रुपये में उपलब्ध हैं। नगर निगम की टीम ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए एक बार में पांच पुरुष और पांच महिलाओं को स्टोर में प्रवेश की अनुमति दी। दोपहर तक सबसे ज्यादा लोग यहां खरीदारी करने पहुंचे और स्टोर का वातावरण उत्सव जैसा बन गया।




मेयर हरप्रीत कौर बबला और नगर आयुक्त अमित कुमार भी स्टोर पहुंचे और खुद एक रुपये में किताबें खरीदीं। लोगों ने स्टोर में उपलब्ध वस्तुओं की तारीफ की और कुछ ने अपने पुराने सम्मान-मोमेंटो भी स्टोर में जमा कर दिए। नगर निगम का यह प्रयास गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए राहत और सुविधा मुहैया कराने के रूप में देखा जा रहा है।

# चंडीगढ़ में दूध-पनीर की सेहत पर हमला: मानवाधिकार आयोग की सख्ती, फूड विभाग की भूमिका कटघरे में

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 25 दिसंबर। शहर में दूध और पनीर की शुद्धता को लेकर गंभीर चिंता सामने आई है, जहां लगातार फेल हो रहे सैंपलों ने फूड सेफ्टी सिस्टम और प्रशासनिक निगरानी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। इसी को लेकर पंजाब राज्य एवं चंडीगढ़ (यूटी) मानवाधिकार आयोग ने सख्त रुख अपनाते हुए फूड विभाग को कटघरे में खड़ा किया है और जिन इलाकों में दूध-पनीर के सैंपल मानकों पर खरे नहीं उतरे, वहां के फूड इंस्पेक्टरों को 24 घंटे के भीतर मिलावटखोरों की पूरी जानकारी देने का अल्टीमेटम दिया है, अन्यथा इसे उनकी मिलीभगत माना जाएगा। आयोग के सदस्य जितेंद्र सिंह शंटी ने इसे मानवाधिकारों पर सीधा हमला बताते हुए कहा कि दूध-पनीर जैसे जरूरी खाद्य पदार्थों में





खतरनाक रसायनों की मिलावट लोगों की सेहत से खिलवाड़ है। एफएसएसएआई के आंकड़ों के अनुसार 2022-23 में 23 में से 6, 2023-24 में 40 में से 17 और 2024-25 में अब तक 36 में से 19 सैंपल फेल पाए गए हैं, जिनमें पनीर में स्टार्च और सुक्रोज की मिलावट सबसे अधिक रही। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि यूरिया, डिटर्जेंट, फार्मेलिन और सिंथेटिक केमिकल्स की मिलावट से किडनी, लिवर फेल होने और कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, ऐसे में आयोग की सख्ती के बाद इस मिलावट के गोरखधंधे पर जल्द कार्रवाई की उम्मीद जताई जा रही है।

# जय माता क्रिकेट टूनार्मेंट जीतकर लौटी हल्लो माजरा टीम का भव्य स्वागत

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 25 दिसंबर। वार्ड नंबर-20 हल्लो माजरा की क्रिकेट टीम ने बद्दी (हिमाचल प्रदेश) में आयोजित जय माता क्रिकेट टूनार्मेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। टूनार्मेंट जीतकर लौटने पर टीम का हल्लो माजरा के खेड़ा चौक पर भव्य स्वागत किया गया।इस अवसर पर हल्लो माजरा की विजेता टीम के सभी खिलाड़ियों सेंटी नाहर, मनीष चंदेल (सहवाग), रोशन, जोंडा, बंटी, मकवाना, सैनी, इमरान और अजय को सम्मानित किया गया। क्षेत्रवासियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश महामंत्री, भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा गणेश झा, मंडल-20 के महामंत्री सुरेश रोहिल्ला, मंडल उपाध्यक्ष सुमेर यादव, मंडल सचिव राम कुमार गहलोत, विशन सिंह, प्रवीण खत्री, जतिन मिश्रा और लक्ष्य शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।पूर्व प्रदेश महामंत्री गणेश झा ने कहा कि बीते कुछ वर्षों में वार्ड-20 में खेल मैदान न होने के बावजूद





यहां के युवाओं ने कड़ी मेहनत और लगन से चंडीगढ़, मोहाली और पंचकुला में आयोजित कई क्रिकेट टूनार्मेंटों में हिस्सा लिया है। उन्होंने बताया कि टीम ने कई स्थानों पर जीत हासिल की है और कई बार उपविजेता भी रही है।उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रशासन से बात कर वार्ड-20 में खेल मैदान उपलब्ध कराने के प्रयास किए जाएंगे, ताकि क्षेत्र के युवा नशे से दूर रहकर खेलों के माध्यम से अपने वार्ड और चंडीगढ़ का नाम रोशन कर सकें।

# चंडीगढ़ मेयर चुनाव की तारीख पर सियासी टकराव, भाजपा-कांग्रेस में विवाद गरमाया

अजीत झा,

चंडीगढ़। चंडीगढ़ नगर निगम में मेयर चुनाव की तारीख को लेकर राजनीतिक माहौल एक बार फिर गर्मा गया है। आम आदमी पार्टी की दो महिला पार्षदों के भाजपा में शामिल होने के बाद यह विवाद और बढ़ गया। जिला प्रशासन जनवरी के अंतिम सप्ताह में चुनाव कराने की तैयारी कर रहा है, जबकि भाजपा और कांग्रेस दोनों का जोर एक जनवरी को चुनाव कराने पर है। उनका तर्क है कि देरी से कराए गए चुनाव में निर्वाचित मेयर को पूरा कार्यकाल नहीं मिल पाता, जिससे शहर के विकास कार्य प्रभावित होते हैं।




कांग्रेस नेता और पूर्व उप महापौर सतीश कैंथ ने भाजपा पर दोहरे रवैये का आरोप लगाया और कहा कि नगर निगम अधिनियम के अनुसार मेयर का चुनाव जनवरी में होना अनिवार्य है। उन्होंने चेतावनी दी कि कानून और संवैधानिक भावना को राजनीतिक लाभ के लिए मोड़ना लोकतंत्र के लिए खतरनाक है।

भाजपा के पूर्व पार्षद शक्ति प्रकाश देवशाली ने भी यूटी प्रशासक को पत्र भेजकर हर साल मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव एक जनवरी को कराने की मांग की है। अब प्रशासन के फैसले पर सबकी नजरें टिकी हैं कि वह परंपरा और राजनीतिक दबाव के बीच क्या रास्ता अपनाता है।

# चंडीगढ़ में युवती से मारपीट का वीडियो वायरल, थार सवार युवकों पर आरोप

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 25 दिसंबर। चंडीगढ़ में एक युवती के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में पहले दो युवतियां आपस में झगड़ती नजर आती हैं, लेकिन कुछ ही देर बाद मामला और गंभीर हो जाता है, जब थार गाड़ी में सवार युवक एक युवती के साथ मारपीट करते हुए मौके से फरार हो जाते हैं।





वीडियो में देखा जा सकता है कि सड़क पर मौजूद युवतियां आपस में गाली-गलौज और हाथापाई कर रही हैं। इसी दौरान काले रंग की थार वहां खड़ी दिखाई देती है, जिसमें दो युवक सवार बताए जा रहे हैं। आरोप है कि इन्हीं युवकों ने विवाद में दखल देते हुए एक युवती के साथ मारपीट की और बाद में वहां से फरार हो गए।वायरल वीडियो के अनुसार, दोनों युवतियां लाल रंग की शर्ट पहने हुए नजर आती हैं। थार में सवार एक युवक काले रंग की बनियान में है, जबकि दूसरा युवक काले रंग की हाफ बाजू की शर्ट पहने दिखाई देता है। वहीं, एक अन्य युवक सफेद रंग की जैकेट पहने बीच-बचाव करने की कोशिश करता हुआ भी वीडियो में नजर आता है।

वीडियो में शामिल कुछ युवक और युवतियां नशे की हालत में प्रतीत हो रहे हैं, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस पूरे मामले को लेकर अभी तक चंडीगढ़ पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।फिलहाल, वीडियो के वायरल होने के बाद मामले को लेकर सवाल उठ रहे हैं कि घटना कब और कहां की है तथा इसमें शामिल लोगों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की प्रतिक्रिया और जांच के बाद ही पूरे मामले की सच्चाई सामने आ सकेगी।

# वर्क फ्रॉम होम ठगी मामला: अदालत की सख्त टिप्पणी, साइबर अपराध को बताया समाज के लिए गंभीर खतरा

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 25 दिसंबर। वर्क फ्रॉम होम के नाम पर की गई साइबर ठगी के एक मामले में जिला अदालत ने आरोपी को राहत देने से इनकार कर दिया है। लुधियाना निवासी 22 वर्षीय शिवम की जमानत याचिका खारिज करते हुए अदालत ने स्पष्ट टिप्पणी की कि साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं और इसका सीधा व गंभीर असर समाज पर पड़ रहा है, विशेषकर उन लोगों पर जो डिजिटल तकनीक और ऑनलाइन ठगी के तौर-तरीकों से पूरी तरह परिचित नहीं हैं। अदालत ने कहा कि आरोपी के खिलाफ लगाए गए आरोप प्रथम दृष्टया गंभीर प्रकृति के हैं और इस स्तर पर उसे जमानत देना न्यायोचित नहीं होगा। कोर्ट के अनुसार ऐसे मामलों में उदारता बरतना समाज में गलत संदेश दे सकता है। पुलिस के अनुसार यह मामला शिकायतकर्ता



गुरविंदर पाल कौर की शिकायत पर दर्ज किया गया था, जिसमें बताया गया कि उन्हें वर्क फ्रॉम होम से जुड़ा एक लिंक भेजा गया था। लिंक के माध्यम से वे एक ऑनलाइन ग्रुप में शामिल हुईं, जहां उन्हें रेस्टोरेंट्स के रिव्यू करने के बदले भुगतान का झांसा दिया गया। शिकायत में बताया गया कि धीरे-धीरे उन्हें एक कथित स्टॉक वेबसाइट पर निवेश करने के लिए मजबूर किया गया और बाद में उनका अकाउंट फ्रीज कर दिया गया। अकाउंट अनफ्रीज कराने के नाम पर उनसे लगातार और रकम मांगी जाती रही। अलग-अलग ट्रांजेक्शनों के जरिए शिकायतकर्ता ने करीब 9.03 लाख रुपये जमा कर दिए, इसके बावजूद आरोपियों ने आठ लाख रुपये और मांग लिए। ठगी का एहसास होने पर पीड़िता ने साइबर पुलिस का दरवाजा खटखटाया, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को चार अगस्त को गिरफ्तार किया। अदालत ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी।




# कलियुग का सर्वोत्तम साधन है राम-नाम: संत अश्वनी बेदी




माँ रेखा बेदी


महेश मित्तल जी


उमा मित्तल


मंजू गुप्ता


कनुप्रिया बजाज


शशि भल्ला


पवन दीवान

लुधियाना, यूटर्न, 25 दिसंबर । श्री राम शरणम, श्री राम पार्क में चल रहे 71वें राम नाम अखण्ड जप महायज्ञ में पूज्य श्री स्वामी सत्यानन्द जी महाराज की वाणी का भावपूर्ण आमरण करते हुए संत अश्वनी बेदी जी महाराज ने राम-नाम की महिमा का प्रभावशाली वर्णन किया। उन्होंने कहा कि राम-नाम का अवलम्बन अत्यंत ऊँचा, सरल और सर्वसुलभ साधन है, जो मनुष्य को भीतर से पावन बनाता है।

उन्होंने बताया कि मंत्रों में शुद्ध उच्चारण आवश्यक होता है, पर राम-नाम का शुद्ध उच्चारण सहज है, इसलिए यह हर वर्ग के लिए सुलभ है। राम-नाम पर किसी जाति या वर्ग का अधिकार नहीं—नाम की दृष्टि में धनी-निर्धन सभी समान हैं। संत अश्वनी बेदी जी ने कहा कि राम-नाम की आराधना से दु:ख हल्के हो जाते हैं और मनुष्य निश्चिंत रहता है। यह स्वतंत्र साधन है, जिसमें घोर तप की आवश्यकता नहीं। कलियुग में राम-नाम ही सच्चा कल्याणकारी मार्ग है। महायज्ञ में महेश मित्तल, उमा मित्तल, पवन दीवान, इंद्रजीत टोनी कपूर, सुरिंदर डावर, सुदर्शन जैन, संदीप जैन, शीना जैन, सुमन जैन, सुषमा सूद, शशि गुप्ता, मंजू गुप्ता, भाविका गुप्ता, मधु बजाज, कनुप्रिया बजाज, किरण कपूर, शशि भल्ला, संयम भल्ला, श्वेता साहनन, बृजेश गुप्ता, पवन खरबंदा, किरण खरबंदा, पल्लवी धवन सहित अनेक साधक उपस्थित रहे और राम-नाम की अविरल धारा में सहभागी बने।


सुरिंदर डावर


बृजेश गुप्ता


इंद्रजीत टोनी कपूर


किरन खरबंदा


सुषमा सूद


पल्लवी धवन


कोमल शर्मा

## Happy Birthday


Gurvaid Singh

## रूह से रूबरू




चारू नागपाल

## सरकारें अपना पेट भरने में व्यस्त, दुनिया गरीबी से लड़ रही है।

आज के समय में दुनिया अनेक समस्याओं से जूझ रही है, जिनमें गरीबी सबसे बड़ी चुनौती है। दुनिया के करोड़ों लोग दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जबकि कई देशों की सरकारें अपने स्वार्थ और भ्रष्टाचार में डूबी हुई दिखाई देती हैं। सरकारी तंत्र का मुख्य उद्देश्य जनता कीसेवा करना और उनके जीवन स्तर को सुधारना होता है, परंतु वास्तविकता में कई नेता और अधिकारी जनता के धन का दुरुपयोग कर अपने पेट भरने में लगे हैं। भ्रष्टाचार की वजह से योजनाओं का लाभसही जरूरतमंदों तक नहीं पहुँच पाता। गरीबों के नाम पर बड़ी-बड़ी योजनाएँ बनाई जाती हैं, पर वे कागजों तक सीमित रह जाती हैं। इसका परिणाम यह होता है कि अमीर और अमीर बनता जाता है, जबकि गरीब और अधिक गरीब होकर गरीबी के दलदल में फँसता जाता है। यदि सरकारें ईमानदारी से काम करें, भ्रष्टाचार पर सख्त नियंत्रण लगाया जाए और जनता के हितों को प्राथमिकता दी जाए, तभी गरीबी को समाप्त करने कीदिशा में वास्तविक प्रगति हो सकेगी। दुनिया तब ही आगे बढ़ेगी, जब हर व्यक्ति को समान अवसर और सुविधाएँ मिलेंगी। सरकारों को यह समझना होगा कि देश की असली ताकत उसके नागरिक हैं, न कि उनका निजी धन।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ


निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Custody में Human Rights — आरोपी होने पर भी कौन-से अधिकार बने रहते हैं?**

गिरफ्तारी के बाद अक्सर यह गलतफहमी बन जाती है कि व्यक्ति के सारे अधिकार खत्म हो गए। कानून ऐसा नहीं मानता। BNSS 2023 का स्पष्ट सिद्धांत है कि आरोपी होना अपराधी होना नहीं है, और Custody में रहते हुए भी व्यक्ति के मौलिक मानवाधिकार (Human Rights) सुरक्षित रहते हैं।

सबसे पहले, मानवीय व्यवहार का अधिकार। Custody में किसी भी व्यक्ति के साथ मारपीट, अपमान, धमकी या मानसिक दबाव कानूनन निषिद्ध है। पूछताछ का उद्देश्य सच्चाई तक पहुँचना है, न कि दंड देना। दूसरा, कानूनी सहायता (Legal Assistance) का अधिकार। आरोपी को यह हक है कि वह अपने Advocate से संपर्क करे और कानूनी सलाह ले। पूछताछ के दौरान Advocate की उपस्थिति सीमित हो सकती है, लेकिन संपर्क से वंचित नहीं किया जा सकता। तीसरा, Medical Examination का अधिकार। Custody में लिए जाने के समय और आवश्यकता पड़ने पर मेडिकल जाँच अनिवार्य है। यदि आरोपी के शरीर पर चोट के निशान हों, तो उनका रिकॉर्ड बनाया जाना चाहिए। यह आरोपी और जांच—दोनों की सुरक्षा के लिए है।

चौथा, परिवार/करीबी को सूचना। गिरफ्तारी के बाद किसी एक व्यक्ति—परिवारजन या मित्र—को सूचना देना आरोपी का अधिकार है। इससे गायब होने या अवैध हिरासत की आशंका कम होती है।

पाँचवाँ, 24 घंटे के भीतर मजिस्ट्रेट के सामने पेशी। Custody असीमित नहीं हो सकती। BNSS के अनुसार पुलिस आरोपी को निर्धारित समय में न्यायिक निगरानी में प्रस्तुत करने के लिए बाध्य है।

सबसे महत्वपूर्ण बात— Custody में चुप रहने का अधिकार। आरोपी को स्वयं के खिलाफ बयान देने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। दबाव में लिया गया बयान कानूनी रूप से कमजोर हो जाता है।

निष्कर्ष : Custody जांच का चरण है, सजा का नहीं। इठरर यह संतुलन बनाए रखता है कि अपराध की जाँच हो, लेकिन मानव गरिमा (Human Dignity) अक्षुण्ण रहे।

# श्री दुर्गा माता मंदिर आस्था का केंद्र, यहां सच्चे मन से मांगी मुरादें होती हैं पूरी – एस.एस. खुराना



लुधियाना, यूटर्न, 25 दिसंबर। श्री दुर्गा माता मंदिर ट्रस्ट की ओर से साप्ताहिक चौंकी का आयोजन श्री दुर्गा माता मंदिर, जगराओं पुल के नजदीक श्रद्धा और भक्ति भाव से किया गया। चौंकी में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने माता रानी के दरबार में हाजिरी लगाई।चौंकी में एंसल एस्टेट के एस.एस. खुराना विशेष रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर बाल कलाकार एवं गायक यश भट्टी ने मधुर भेंटों के साथ मां दुर्गा का गुणगान किया। यश भट्टी ने 'मैं तेरे बिन रह नहीं सकदा मां, मैनू तेरी आदत पै गई है' सहित कई भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।इस दौरान ट्रस्ट के सदस्यों ने एस.एस. खुराना को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त करने के बाद एस.एस. खुराना ने अपने संबोधन में कहा कि 'श्री दुर्गा माता मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि आस्था और विश्वास का केंद्र है। यहां सच्चे मन से मांगी गई मनोकामनाएं अवश्य पूरी होती हैं। समाज में ऐसे धार्मिक आयोजनों से आपसी भाईचारा और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस मौके पर ट्रस्ट के उप-चेयरमैन वरिंदर मित्तल, सचिव अश्वनी जैन, बलबीर गुप्ता, अमित धवन, हरीश गुप्ता, अशोक द्विवेदी, मंजू सिक्का सहित अन्य गणमान्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# श्रद्धा व गौरव के साथ मनाया गया राष्ट्रीय सुशासन दिवस



डेराबस्सी, यूटन्र, 25 दिसंबर। भारत रत्न एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर मनाए जाने वाले राष्ट्रीय सुशासन दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी डेराबस्सी द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भाजपा के वरिष्ठ नेता मनप्रीत सिंह (बन्नी) संधू के दिशा-निर्देशों में उनके कार्यालय में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन धीमान (पम्मा) सहित पार्टी नेताओं व कार्यकताओं ने अटल जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मनप्रीत सिंह संधू ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी न केवल महान नेता थे, बल्कि सुशासन, सादगी और राष्ट्रहित की राजनीति के प्रतीक थे। पोखरण परमाणु परीक्षण, मजबूत सड़क नेटवर्क और सशक्त विदेश नीति उनके दूरदर्शी नेतृत्व के उदाहरण हैं।

कार्यक्रम में अनेक भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ तुलसी के पौधे वितरित किए गए।

# अमृतसर में इंटरनेशनल बॉडी बिल्डर-मंगेतर में मारपीट, जिम पार्टनरशिप का झगड़ा, दस्तार उतार केशों की बेअदबी की

अमृतसर/यूटर्न/25 दिसंबर। अमृतसर के जिम में बॉडी बिल्डर और उसकी मंगेतर के बीच मारपीट हो गई। यह बहस ऑफिस में नेम प्लेट लगाने और फिर वीडियो बनाने को लेकर शुरू हुई। जिसके बाद बॉडी बिल्डर ने फोन छीनकर पटक दिया। इससे मंगेतर और बॉडी बिल्डर के बीच हाथापाई हो गई। इस दौरान जिम के दूसरे मुलाजिम भी आ गए।

मारपीट में बॉडी बिल्डर की पगड़ी उतर गई। उसके बाल भी खींचे गए। इस बारे में बॉडी बिल्डर ने इसके CCTV फुटेज मीडिया को जारी कर दिए। जिसके बाद उसने मंगेतर और जिम की मैनेजर पर कई तरह के आरोप लगाए हैं। हालांकि दूसरे पक्ष की तरफ से इस मामले में अभी कुछ नहीं कहा गया है। यह मामला रणजीत एवेन्यू स्थित ओलिंपियन जिम का है।



## वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर, वकील ने रोका तो मंगेतर के नाम प्रॉपर्टी खरीदी

बॉडी बिल्डर अमनदीप सिंह ने कहा- मैं प्रोफेशनल बॉडी बिल्डर हूं। वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर हूं। मैंने पिछले साल ओलिंपियन जिम बनाना शुरू किया था। इस दौरान मेरा एक केस चल रहा था। वकील ने मुझे कहा कि अपने नाम पर कोई प्रॉपर्टी मत लेना। कोई बिजनेस नहीं करना। इस वजह से मैंने अपना सारा बिजनेस और फ्लैट मंगेतर के नाम पर लिया था। मेरा तलाक का केस चल रहा था। 5 नवंबर को मैं उसे जीत गया। इस दौरान मैंने 2 फ्लैट खरीदे, वह भी अपने मंगेतर के नाम पर किए।

## सिर्फ शो करने के लिए मंगेतर को पार्टनर बनाया

बॉडी बिल्डर अनुसार मैंने ओलिंपियन जिम का प्रोजेक्ट शुरू किया तो वकील के कहे अनुसार अपने नाम पर नहीं किया। उस दौरान मैंने मंगेतर को एज ए पार्टनर रख लिया। जिम मैं पैसे की 100% इन्वेस्टमेंट मेरी है। ढाई करोड़ रुपया लगाया है। लोन भी लिया है। सारा पैसा मेरे अकाउंट से गया है। हर चीज का रिकॉर्ड है। मैंने सिर्फ शो करने के लिए इसके नाम पर 500 रुपए के स्टांप पर टेंपरेरी पार्टनरशिप की डीड बनाई थी। जैसे ही मैं केस जीत गया तो मैंने इसे कहा कि प्रॉपर्टी वाला सारा पेपरवर्क मेरे नाम पर वापस किया जाए। पिछले 6-8 महीने से इसके मन में लालच आ गया।

# जीरकपुर में महिला से झपटमारी, बाइक सवार युवक पर्स छीनकर फरार

जीरकपुर, यूटर्न, 25 दिसंबर। शहर के सिंगपुरा क्षेत्र में दिनदहाड़े महिला से झपटमारी की सनसनीखेज घटना सामने आई है। सिंगपुरा स्थित चिकित्सा काइट सोसाइटी निवासी एक महिला से बाइक सवार दो अज्ञात युवकों ने पर्स छीन लिया और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़िता की शिकायत पर जीरकपुर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता वीना करेर, पत्नी सी.डी. करेर ने पुलिस को बताया कि 17 दिसंबर 2025 को शाम करीब 6 बजे वह सिंगपुरा गेट के बाहर अपने एक रिश्तेदार का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक वहां पहुंचे और उसकी बांह पर टंगा पर्स झपटकर भाग गए। विरोध करने पर महिला संतुलन खो बैठी और जमीन पर गिर गई, जिससे उसका मोबाइल फोन भी हाथ से छूट गया।

पीड़िता के अनुसार पर्स में करीब तीन हजार रुपये नकद, सोने के कानों के कंगन, घर की चाबियां, आधार कार्ड सहित अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज थे। आसपास मौजूद एक युवती ने मोबाइल उठाकर उसे सौंपा और मदद की।

घटना के बाद जीरकपुर थाना पुलिस ने बीएनएस की धारा 304(2) के तहत केस दर्ज किया। मामले की जांच एएसआई लाभ सिंह कर रहे हैं। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना के बाद क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

# मॉडल टाउन घूमने आए युवक का मोबाइल हुआ गुम, पुलिस ने ढूंढकर किया वापिस

लुधियाना/यूटर्न/25 दिसंबर। मॉडल टाउन इलाके में घूमने के लिए एक युवक का आईफोन-12 वहीं पर गुम गया। जिसके चलते युवक द्वारा इसकी जानकारी चौकी आत्म नगर पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए मोबाइल ढूंढकर उसे युवक के हवाले कर दिया गया। चौकी आत्म नगर के इंचार्ज एएसआई सुनील कुमार सैनी ने बताया कि युवक संजय पांडे मॉडल टाउन घूमने आया था। इस दौरान उसका मोबाइल फोन गुम हो गया था। जिसे पुलिस ने ढूंढकर उसके हवाले किया। इस दौरान संजय पांडे ने कहा कि उसने मेहनत करके पैसे जोड़कर मोबाइल लिया था। वह चौकी आत्म नगर की पुलिस का धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने उसका मोबाइल ढूंढकर उसे वापिस दिलाया।



# भाजपा ने मनाया भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई का जन्मदिन

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/25 दिसंबर। तीन बार देश के प्रधानमंत्री रहे भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर, भाजपा जिला जगराओं के विभिन्न मंडलों में उन्हें याद करते हुए और पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनकी जयंती मनाई गई। जिला अध्यक्ष डॉ. राजिंदर शर्मा ने उनके जीवन परिचय से अवगत कराया। इस समय गौरव खुल्लर टोनी वर्मा, सुमित अरोड़ा, राज वर्मा, नवनीत गुप्ता शिशु, गौरव गुप्ता, अनिल कुमार सैंटी, सौरव गर्ग, डॉ. निर्मल भुल्लर, नवीन जैन, सुरेश गर्ग, रिंकू अरोड़ा, विवेक भारद्वाज, राजपाल जैन, हनी गोयल, जतिंदर कुमार मिट्ठू, लाल चंद, राहुल दौधर्य कपिल कुमार, दर्शन कुमार शम्मी, गुरदयाल सिंह, अभिषेक सूद, रोहित बंसल, अरुण कुमार, जनक राज, कुलवंत भारती, अमृत लाल, शाम लाल बांबी, परषोत्तम बांसल, प्रदुबन बांसल, मनीष जैन, सतीश गर्ग, राकेश शर्मा, सुरेश गर्ग, जतिंदर कुमार शम्मी, वैभव जैन, कुलदीप कोचर, भारत खन्ना, अमित शर्मा, महिंदर वर्मा, किशन कुमार, बावा, गुड्डू, अरुण कुमार आदि मौजूद थे।



# डेराबस्सी में छोटे साहिबजादों का शहीदी दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया



डेराबस्सी, यूटर्न, 25 दिसंबर। गुरुद्वारा देहाती सिंह सभा, मेन रोड डेराबस्सी में सिख इतिहास के महान बलिदान छोटे साहिबजादों—साहिबजादा फतेह सिंह जी और साहिबजादा जोरावर सिंह जी की शहादत को समर्पित शहीदी दिवस पूरे श्रद्धा भाव और गुरु मर्यादा के अनुसार मनाया गया। इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र की संगतों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर शहीद साहिबजादों को नमन किया। समागम की शुरूआत श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पावन दरबार में आसा दी वार और गुरबाणी कीर्तन से हुई। इस अवसर पर प्रसिद्ध रागी जत्थे के भाई सतनाम सिंह जी एवं तबला वादक भाई साहिब सिंह जी ने भावपूर्ण कीर्तन प्रस्तुत किया, जिससे संगत गुरु चरणों में निहाल हो गई। कीर्तन के दौरान छोटे साहिबजादों की अडिग शहादत, धर्म की रक्षा और सत्य के लिए दी गई अद्वितीय कुर्बानी को स्मरण कराया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से संगत को संबोधित करते हुए कहा गया कि छोटे साहिबजादों का बलिदान मानवता के इतिहास में अद्वितीय है, जो हमें सत्य, न्याय और धर्म के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। वक्ताओं ने विशेष रूप से युवा पीढ़ी से गुरु साहिबान की शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। समागम की समाप्ति के उपरांत गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया, जिसमें संगतों ने बढ़-चढ़कर सेवा निभाई। पूरे वातावरण में श्रद्धा, सेवा और समर्पण की भावना देखने को मिली।

# 30 हजार छात्रों का भविष्य दांव पर, एडेड कॉलेजों के शिक्षकों का प्रशासन पर गंभीर आरोप



चंडीगढ़, यूटर्न, 25 दिसंबर। चंडीगढ़ के एडेड कॉलेजों में पढ़ने वाले 30 हजार से अधिक विद्यार्थियों का भविष्य खतरे में बताया जा रहा है। चंडीगढ़ एडेड कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन (CACTA) ने यूटी प्रशासन पर शिक्षकों के वैधानिक अधिकारों की अनदेखी का गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि इसका सीधा असर छात्रों की पढ़ाई और शहर की वर्षों पुरानी शैक्षणिक प्रतिष्ठा पर पड़ रहा है। सेक्टर-27 स्थित प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में शिक्षकों ने यूजीसी विनियम 2018 को लागू न करने पर कड़ा रोष जताया। उन्होंने कहा कि एडेड कॉलेजों ने देश को आईएएस अधिकारी, न्यायाधीश, ओलंपिक पदक विजेता और अनेक प्रतिष्ठित पेशेवर दिए हैं, इसके बावजूद शिक्षा-हब कहे जाने वाले चंडीगढ़ में शिक्षकों की मांगों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि वे किसी तरह की रियायत नहीं, बल्कि अपने संवैधानिक और वैधानिक अधिकार मांग रहे हैं। शिक्षकों ने चेतावनी दी कि फिलहाल छात्रों के हित में परीक्षाओं के बहिष्कार से दूरी बनाई गई है, लेकिन मांगें न माने जाने पर आगामी शैक्षणिक सत्र से आंदोलन और तेज किया जाएगा। CACTA ने चंडीगढ़ सचिवालय, राजभवन और मटका चौक पर बड़े धरना-प्रदर्शन का ऐलान किया है। प्रमुख मांगों में सीएएस पदोन्नति, डीए वृद्धि, 20 प्रतिशत एचआरए, पूर्ण वेतन सहित परिवीक्षा अवधि, सेवानिवृत्ति आयु बढ़ोतरी और यूजीसी नियमों का पूर्ण क्रियान्वयन शामिल है।



# लुधियाना एयरपोर्ट ने उड़ान क्यों नहीं भरी, दो दशकों की देरी, राजनीति और प्रशासनिक उलझन

चंडीगढ़/यूटर्न/25 दिसंबर। लंबे समय से इंतजार किया जा रहा हलवारा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जो पंजाब की औद्योगिक राजधानी को सीधी हवाई कनेक्टिविटी देने के लिए लुधियाना के पास बनाया गया है, तैयार होने के बावजूद चालू नहीं हो पाया है। ऐसा इसलिए नहीं है कि इसकी मांग नहीं है, बल्कि क्रेडिट और जवाबदेही को लेकर राजनीतिक खींचतान के कारण, जिसने काम को पूरा होने से रोक दिया है। आम आदमी पार्टी (आप), भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और कांग्रेस के नेताओं ने सार्वजनिक रूप से इस बात पर दावे किए हैं कि किसने इस प्रोजेक्ट को शुरू किया, फंड दिया या तेज किया, जिससे एक ऐसा माहौल बन गया है जिसमें सुचारू संचालन के बजाय क्रेडिट लेने की होड़ ज्यादा हावी है। हालांकि लुधियाना की हवाई कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने की बात दशकों से चल रही है, लेकिन हलवारा का सिविल एयरपोर्ट प्रोजेक्ट 2018 में ही गंभीरता से शुरू हुआ, कई सालों की रुक-रुक कर बनने वाली योजनाओं और देरी के बाद। मूल रूप से, लुधियाना के एकमात्र एयरपोर्ट साहनेवाल में सीमित सुविधाएं थीं। जिसमें एक छोटा रनवे जो एयरलाइन संचालन को सीमित करता था और कोविड-19 महामारी के कारण सेवा बाधित होने के बाद कमर्शियल उड़ानें प्रभावी रूप से बंद हो गई थीं।



## पहले शिअद पर लगे थे आरोप

पहले आरोप थे कि अकाली सरकार कभी भी अच्छे ऑपरेशनल एयरपोर्ट नहीं चाहती थी, क्योंकि उनकी दिल्ली के लिए ट्रांसपोर्ट बस सेवाएं थीं। जिनसे उन्हें फायदा होता था। लेकिन उनके शासन के आठ साल बाद भी, लुधियाना एयरपोर्ट एक पहेली बन गया है कि यह अभी भी चालू क्यों नहीं है।

**लगभग पूरा, लेकिन फिर भी चालू नहीं...**अक्टूबर 2025 तक, हलवारा एयरपोर्ट पर टर्मिनल और मुख्य इंफ्रास्ट्रक्चर शारीरिक रूप से पूरा हो गया था। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय को कंप्लीशन सर्टिफिकेट जमा कर दिया था। फिर भी, निर्माण पूरा होने के बावजूद, यह सुविधा ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी (बीसीएएस) से अंतिम सुरक्षा मंजूरी के बिना यात्री संचालन शुरू नहीं कर सकती।

**एयर इंडिया ने दिखाई रुचि...**यह एक विरोधाभासी स्थिति है, निवासी और व्यवसायी एक एयरपोर्ट को जमीन से बनते हुए देख रहे हैं, फिर भी लंबित मंजूरी और प्रक्रियात्मक औपचारिकताओं के कारण कोई भी कमर्शियल उड़ान उड़ान नहीं भर सकती। एयर इंडिया ने औपचारिक उद्घाटन के कुछ हफ्तों के भीतर उड़ानें शुरू करने में रुचि दिखाई है, जो मंजूरी मिलने के बाद मजबूत मांग को रेखांकित करता है।

**राजनीतिक क्रेडिट की लड़ाई...**हलवारा का क्रेडिट किसे मिलेगा, इस बात की राजनीति ने कहानी को और जटिल बना दिया है। बीजेपी नेताओं ने देरी के लिए राज्य सरकार की निष्क्रियता को ज़िम्मेदार ठहराया है। आप अधिकारियों ने फंड जारी करने और काम को आगे बढ़ाने में अपनी सरकार, खासकर मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की भूमिका पर जोर दिया है। कांग्रेस नेताओं का तर्क है कि यह प्रोजेक्ट पहले ही सोचा गया था और पिछली सरकारों के तहत शुरू किया गया था। मालिकाना हक के लिए यह लड़ाई न कि मिलकर शासन करने की वजह से बिना किसी रुकावट के काम करने के बजाय राजनीतिक कहानी पर फोकस करने का कारण बनी, जिससे लुधियाना में कई लोग निराश हुए जो भरोसेमंद हवाई कनेक्टिविटी के लिए सालों से इंतजार कर रहे थे।

## इतना समय क्यों लगा

लुधियाना के एविएशन डेवलपमेंट में 20 साल की देरी के पीछे कई, डॉक्यूमेंटेड कारण हैं।

**साहनेवाल में इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी :** साहनेवाल में लुधियाना का ओरिजिनल एयरपोर्ट स्ट्रक्चरल दिक्कतों वाला था। बड़े विमानों के लिए बहुत छोटा और क्षमता में सीमित जिससे लंबे समय तक इसका विस्तार करना मुश्किल था। 2021 में उड़ानें बंद होने के बाद जब साहनेवाल की उपयोगिता कम हो गई, तो वहां की योजनाएं बंद कर दी गईं।

**प्रशासनिक और फंडिंग में देरी :** हलवारा में निर्माण शुरू करने में समय-समय पर फंडिंग की कमी, तालमेल की समस्याएं और निर्माण में रुकावटें आईं, खासकर 2022 में जब स्थानीय अधिकारियों ने फाइनेंस रोक दिया था, जिसे बाद में जारी किया गया।

**राज्य और केंद्र के बीच तालमेल की समस्याएं :** भारत में किसी भी नए एयरपोर्ट प्रोजेक्ट के लिए राज्य सरकारों, नागरिक उड्डयन मंत्रालय, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और BCAS से सुरक्षा मंजूरी के बीच सही तालमेल जरूरी है। इन प्रशासनिक प्रक्रियाओं में देरी से काम धीमा हो गया।

**लुधियाना के लिए आर्थिक दांव :** लुधियाना पंजाब के सबसे महत्वपूर्ण शहरों में से एक है, जो मैन्युफैक्चरिंग, एक्सपोर्ट और व्यापार का केंद्र है। उद्योगपतियों ने बार-बार कहा है कि आर्थिक प्रतिस्पर्धा के लिए हवाई कनेक्टिविटी जरूरी है, खासकर यह देखते हुए कि शहर के उद्योगों को अक्सर एग्जीक्यूटिव, क्लाइंट और कार्गो को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भेजने की जरूरत होती है। जिसके लिए यात्रियों को चंडीगढ़, दिल्ली या अमृतसर के एयरपोर्ट पर निर्भर रहना पड़ता था। अपने ही जिले के एयरपोर्ट से उड़ानें न मिल पाने का मतलब न सिर्फ लंबा यात्रा समय और ज्यादा लागत है, बल्कि अन्य भारतीय शहरों की तुलना में मौके भी गंवाना है।

**बीसीएएस की मंजूरी भी अहम :** हलवारा की तैयारी इसे आखिरकार इन कमियों को दूर करने की स्थिति में लाती है। एक बार जब बाकी मंजूरी पूरी हो जाएंगी और औपचारिक उद्घाटन की तारीख तय हो जाएगी। लेकिन जब तक बीसीएएस की सुरक्षा मंजूरी नहीं मिल जाती और एयरलाइंस शामिल नहीं हो जातीं, लुधियाना का मजबूत हवाई यात्रा का वादा अधूरा रहेगा। अभी के लिए, एयरपोर्ट की कहानी सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर की चुनौतियों से कहीं ज्यादा है; यह दिखाता है कि राजनीतिक प्रतिस्पर्धा कैसे जरूरी सुविधाओं में देरी कर सकती है, जिससे एक शहर को अपनी जरूरत की कनेक्टिविटी के लिए जरूरत से ज्यादा इंतजार करना पड़ता है।

# पभात एरिया में खुले शराब के ठेके से लोग परेशान, रोजाना हुड़दंग से बिगड़ रहा माहौल, महिलाओं-बच्चों की सुरक्षा पर संकट




जीरकपुर, यूटर्न, 21 दिसंबर। जीरकपुर के पभात एरिया स्थित जरनैल एनक्लेव-3 में रिहायशी इलाके के बीच खुले शराब के ठेके से स्थानीय लोगों का जीना मुहाल हो गया है। कॉलोनीवासियों का कहना है कि ठेके से शराब लेने के बाद नशे में धुत लोग सड़कों और आसपास खुलेआम हुड़दंग मचाते हैं, गाली-गलौच करते हैं और कई बार आपसी झगड़े तक की नौबत आ जाती है।

निवासियों के अनुसार, शाम ढलते ही इलाके का माहौल पूरी तरह बिगड़ जाता है। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों के लिए घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है, जिससे पूरे क्षेत्र में डर और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। राहगीरों को भी आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि इस समस्या को लेकर कई बार पुलिस और प्रशासन को शिकायतें दी गई, लेकिन न तो नियमित पुलिस गश्त हो रही है और न ही कोई ठोस कार्रवाई। प्रशासन की कथित लापरवाही से लोगों में गहरा रोष है। इसी को लेकर जरनैल एनक्लेव-3 के निवासियों ने एकजुट होकर नाराजगी जताई और मांग की कि रिहायशी इलाके में खुले इस शराब के ठेके को तुरंत यहां से हटाया जाए। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

इस मौके पर सोसाइटी प्रधान बलविंदर धीमन के अलावा अमन, समिति अरोड़ा, ममता शर्मा, विक्रम, मेनका, मंजीत, विनोद शर्मा सहित कई अन्य स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

**बलविंदर धीमन, सोसाइटी प्रधान:** 'शराब के ठेके के कारण रोजाना झगड़े और गाली-गलौच हो रही है। महिलाएं और बच्चे खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। अगर जल्द ठेका नहीं हटाया गया तो हम आंदोलन करेंगे।

# संविधान और न्याय के लिए संघर्ष करेगी आप की लीगल विंगः खंगूडा

लुधियाना, यूटर्न, 25 दिसंबर। आम आदमी पार्टी (आप) लुधियाना शहरी इकाई ने संगठन को और मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए बचत भवन में नई गठित लीगल विंग टीम के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया। जिला अध्यक्ष जतिंदर खंगूडा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में पार्टी की लीगल विंग के नवनियुक्त पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया, जिससे संगठन में नया उत्साह देखने को मिला।



इस अवसर पर खंगूडा ने कहा कि लीगल विंग आम आदमी पार्टी की संगठनात्मक रीढ़ बनेगी और संविधान व कानून के दायरे में रहकर आम जनता के अधिकारों की रक्षा करेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी की यह टीम न केवल जरूरतमंदों को न्याय दिलाने में अहम भूमिका निभाएगी, बल्कि सरकार और संगठन की नीतियों को कानूनी रूप से मजबूती के साथ प्रस्तुत करेगी। खंगूडा ने दोहराया कि आम आदमी पार्टी सच्चाई, ईमानदारी और पारदर्शी प्रशासन के अपने मूल सिद्धांतों पर अडिग है। गौरतलब है कि हाल ही में पार्टी नेतृत्व द्वारा गगनदीप सिंह सैनी को लीगल स्टेट वाइस प्रेसिडेंट, जे.एस. भट्टी को स्टेट वाइस प्रेसिडेंट सहित कई अहम नियुक्तियां की गई थीं, जिससे लीगल विंग को नई धार मिली है। समारोह में बड़ी संख्या में पार्टी नेता, कार्यकर्ता और सामाजिक प्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम ने यह साफ संदेश दिया कि आम आदमी पार्टी आने वाले समय में कानूनी और संगठनात्मक मोर्चे पर और अधिक सशक्त भूमिका निभाने को तैयार है।

# द माइलस्टोन स्मार्ट स्कूल, घनौर द्वारा विद्यार्थियों के लिए हॉप अप जीरकपुर में एकदिवसीय शैक्षणिक भ्रमण




(भाग सिंह अंटाल/अभिषेक सूद)

घनौर/यूटरन/24 दिसंबर। द माइलस्टोन स्मार्ट स्कूल, घनौर की ओर से दसवीं एवं ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए हॉप अप, जीरकपुर में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस ट्रिप का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ मनोरंजन और व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों में भाग लिया, जिससे उनमें टीम वर्क, आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल का विकास हुआ। शिक्षकों की कड़ी निगरानी में विद्यार्थियों ने अनुशासन और सुरक्षा नियमों का पूर्ण रूप से पालन किया। यह यात्रा विद्यार्थियों के लिए अत्यंत रोमांचक और यादगार साबित हुई। स्कूल प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

# सुशासन ही विकसित हरियाणा की सबसे मजबूत नींवः सीएम सैनी

चंडीगढ़, यूटर्न, 25 दिसंबर। हरियाणा में सुशासन दिवस को राज्यव्यापी उत्सव के रूप में मनाते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सुशासन ही विकसित भारत और विकसित हरियाणा की सबसे मजबूत नींव है। पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में अब शासन आदेश नहीं, बल्कि सेवा है; प्रक्रिया नहीं, बल्कि परिणाम है और सत्ता नहीं, बल्कि उत्तरदायित्व है। उन्होंने दोहराया कि राज्य सरकार का संकल्प ऐसा हरियाणा बनाने का है, जहां न्याय सुलभ हो, सेवाएं त्वरित हों और हर नागरिक सशक्त महसूस करे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 में व्यवस्था परिवर्तन से शुरू हुआ सुशासन का अभियान आज ठोस परिणाम दे रहा है, जिसका प्रमाण जनता द्वारा लगातार तीसरी बार दिया गया जनादेश है। उन्होंने बताया कि सरकार ने संकल्प पत्र के 217 में से 54 वादे केवल 13 महीनों में पूरे कर दिए हैं, जबकि शेष पर तेजी से काम जारी है। भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और क्षेत्रवाद पर प्रहार करते हुए सरकार ने डिजिटल गवर्नेंस, ई-ऑफिस, सीएम विंडो और डीबीटी जैसी पहलों से शासन को पारदर्शी और जवाबदेह बनाया है।

मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते हुए कहा कि उनके आदर्शों से प्रेरित होकर हरियाणा में शासन का चेहरा बदला गया है। सुशासन दिवस के माध्यम से सरकार ने यह संदेश दिया कि विकास तभी सार्थक है, जब उसका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372